## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित ट्रक पलटा, दबने से चालक की मौत

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरौंध में ट्रक पलटने से चालक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, ट्रक क्रमांक UP96T5123 का चालक करण सिंह राजपूत 26 वर्ष, निवासी घोटखेड़ा, घनसौर, जिला सिवनी देर रात बेहद तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था।इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के पलटते ही चालक करण सिंह केबिन के मलबे में ही दब गया, जिससे मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं। झिंझरी चौकी पुलिस और माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

### सर्प रेस्क्यू प्रशिक्षण 20 को

**कटनी।** वन्यजीव संरक्षण एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा शनिवार, 20 जून को दोपहर 12 बजे वनमंडल कार्यालय परिसर स्थित मीटिंग हॉल में सर्प रेस्क्यू प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में सर्प मित्रों के साथ विभिन्न विभागों के चयनित कर्मचारियों को भी शामिल किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र से योग्य बीटगार्डों के साथ प्रशिक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही पुलिस विभाग, नगर निगम, होमगार्ड से भी प्रत्येक से कम से कम 5-5 कर्मचारियों को प्रशिक्षण हेतु नामित करने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त, जबलपुर से सर्प विशेषज्ञ को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया गया है, जो प्रतिभागियों को सर्पों की पहचान, रेस्क्यू तकनीक एवं बचाव उपायों की जानकारी देंगे।

### तालाब में नहाने के दौरान डूबी दो सगी बहनें

**कटनी।** बाकल थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़िया में शनिवार देर रात तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों नाबालिग बहनें दोपहर करीब 4 बजे नहाने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। परिजनों की सूचना पर पुलिस और ग्रामीणों ने संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद उनके शव तालाब से बरामद किए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक बहनों की पहचान मढ़िया निवासी निधि लोधी 17 वर्ष और उसकी छोटी बहन नेहा लोधी 14 वर्ष के रूप में हुई है। शनिवार दोपहर वे गांव के तालाब में नहाने गई थीं। कई घंटे बाद भी जब वे घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने पहले अपने स्तर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। घंटों की मशक्कत के बाद दोनों बहनों को तालाब से बाहर निकाला गया।

### क्षतिग्रस्त सड़क बनी हादसों का कारण, जिम्मेदार बेपरवाह

**उमरियापान।** उमरियापान के अँधेली बाग तिराहा से घुघरी मार्ग पर अस्पताल गेट के समीप स्थित पुलिया की सड़क क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक समस्या के समाधान की ओर ध्यान नहीं दे रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिया के ऊपर बनी सड़क दोनों ओर से चटक गई है और उसमें गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। सड़क की परत उखड़ने से गिट्टियां बाहर निकल आई हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को जोखिम उठाना पड़ रहा है। वाहन चालक जैसे ही पुलिया के पास पहुंचते हैं, असंतुलित होकर गिर जाते हैं। अब तक कई लोग यहां दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़क से निकली नुकीली लोहे की सरिया भी राहगीरों के लिए खतरा बनी हुई है। वहीं सड़क पर बिखरी गिट्टियां वाहनों के गुजरने के दौरान तेज गति से उछलती हैं, जिससे पैदल राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को चोट लगने की आशंका बनी रहती है। वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण सड़क की दरारें और चौड़ी होती जा रही हैं।

---

कुठला थाना क्षेत्र में बस एवं ट्रक की भिड़ंत के बाद मची चीख पुकार, बड़वारा क्षेत्र में भी ट्रक व बोलेरो में हुई टक्कर

# हादसों ने छीनी 3 जिंदगियां, 39 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जिले के तीन थाना क्षेत्रों में हुये अलग अलग हादसों ने तीन जिंदगियां छीन ली, साथ ही तीन दर्जन से अधिक की हालत गंभीर बनी है। घायलों में बच्चों से लेकर महिलायें भी शामिल है। कुठला थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया ब्रिज के समीप बस और ट्रक के बीच सीधी टक्कर हो गई जिससे यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में 2 पुरुष और एक महिला यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि 2 यात्री बस के नीचे दब गए, जबकि एक यात्री ट्रक के केबिन में फंस गया।

जानकारी के मुताबिक यात्री बस कन्हवारा की ओर जा रही थी जबकि ट्रक कटनी की तरफ से आ रहा था। आशंका है कि ट्रक के ब्रेक फेल हो गए, जिससे वह अनियंत्रित होकर बस से टकरा गया। टक्कर के बाद दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। भीषण टक्कर के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। बस के यात्री एक-दूसरे पर जा गिरे। कई लोग घायल हालत में सीटों और सड़क पर पड़े मदद के लिए आवाज लगाते रहे। दो यात्री बस के नीचे दबे थे, जबकि एक व्यक्ति ट्रक के केबिन में फंसा हुआ था। कई घायलों के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें थीं। उनके कपड़े खून से सने हुए थे। सड़क पर बिखरा सामान, क्षतिग्रस्त वाहन और अपनों को तलाशते लोगों की बेचैनी हादसे की भयावहता बयां कर रही थी। स्थानीय लोग घायलों को बाहर निकालने में जुटे रहे और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।



### तीन थानों की पहुंची पुलिस

सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया। बस के नीचे दबे यात्रियों और ट्रक के केबिन में फंसे व्यक्ति को निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। काफी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा ने बताया कि ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण हादसा होने की आशंका है।

इस हादसे में जिनकी मौत हुई है उनमें बिजौरी निवासी नीलम चक्रवर्ती (23 वर्ष), ग्राम खरखरी निवासी राजू चौधरी (30 वर्ष) और कुठला कटनी निवासी किशन कोल (30 वर्ष) शामिल है।

### ट्रक-बोलेरो में हुई टक्कर

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर शनिवार रात गुड़ा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और बोलेरो कार में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बोलेरो सवार एक ही परिवार के 10 सदस्य गंभीर घायल हो गए हैं, जिनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक कटनी जिले के ग्राम सलैया में रहने वाले एक ही परिवार और रिश्तेदारी के लोग उमरिया जिले के कर्चुलिया गांव में पूजा में शामिल होने गए थे। शनिवार रात करीब 8 बजे जब सभी लोग बोलेरो कार में सवार होकर वापस अपने गांव सलैया लौट रहे थे तभी बिलायत कला ग्राम के पास गुड़ा मोड़ पर कटनी से उमरिया की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बोलेरो को सामने से टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि हाईवे पर जोरदार धमाका हुआ और बोलेरो कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मदद के लिए दौड़ लगाई। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो के मलबे में फंसे घायल बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को बाहर निकाला।

इस हादसे में जो घायल हुये हैं उनमें शनवी सिंह, मुस्कान सिंह, .पुष्पराज सिंह, रामबाई, रोशनी सिंह, विवेक सिंह, गीता बाई गोंड, दिलराज सिंह, संजू सिंह, गेंदा बाई आदि शामिल है।

सूचना पर 108 एम्बुलेंस और बड़वारा पुलिस मौके पर पहुंची। सभी 10 घायलों को तुरंत बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद अंदरूनी और गंभीर चोटों को देखते हुए सभी मरीजों को बेहतर इलाज के लिए जिला कटनी रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, कुछ घायलों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

## सांसद, कलेक्टर और एसपी ने अस्पताल पहुंचकर संभाली व्यवस्थाएं

कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा फाटक के समीप रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में यात्री बस और ओवरलोड हाइवा के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर में बस में सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि लगभग 29 यात्री गंभीर एवं सामान्य रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल से एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा जिला चिकित्सालय पहुंचे।



दोनों अधिकारियों ने आपातकालीन वार्ड का निरीक्षण कर घायलों से मुलाकात की तथा चिकित्सकों को घायलों को बेहतर उपचार मुहैया कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर तिवारी ने गंभीर घायलों के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी मरीजों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराया जाए।

इसी क्रम में खजुराहो सांसद वीडी शर्मा भी जिला चिकित्सालय पहुंचे और भर्ती घायलों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने चिकित्सकीय दल से चर्चा कर उपचार की जानकारी ली तथा सभी घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। हादसे के बाद जिला प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी है।

## मुख्यमंत्री ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये सहायता के दिए निर्देश

कटनी जिले के कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत लमतरा ब्रिज के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में बस यात्रियों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने शोक संदेश में कहा कि लमतरा ब्रिज के पास हुई सड़क दुर्घटना में बस यात्रियों के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा घायल यात्रियों को शीघ्र स्वस्थ करें। मुख्यमंत्री ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार शोकाकुल परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि दुर्घटना में मृत प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए तथा घायलों के समुचित उपचार में किसी प्रकार की कमी न रहने दी जाए।

---

## गर्मी के दिनों में भी नर्मदा नहर में नहीं छोड़ा पानी, गहराने लगा जलसंकट, जल स्रोत सूखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

भीषण गर्मी के बीच उमरियापान क्षेत्र से गुजरने वाली नर्मदा दायीं तट नहर में पिछले लगभग ढाई माह से पानी नहीं छोड़े जाने के कारण क्षेत्र में जल संकट गहराता जा रहा है। नहर पूरी तरह सूखी पड़ी है, जिससे ग्रामीणों के साथ-साथ किसानों और पशु-पक्षियों को भी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गर्मी के मौसम में नहर में पानी उपलब्ध रहने से आसपास के गांवों के जलस्त्रोतों का जल स्तर बना रहता है, लेकिन इस बार नहर में एक बूंद पानी तक नहीं होने से कुएं, तालाब, नदियां और अन्य जल स्त्रोत तेजी से सूख रहे हैं। नहर का स्वरूप अब मैदान जैसा दिखाई देने लगा है। नहर में पानी नहीं होने का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा है।



किसानों का कहना है कि समय पर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलने से मूंग और उड़द जैसी फसलें प्रभावित हुई हैं। कई खेतों में फसलें सूखने की स्थिति में पहुंच गई हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि नहर सूखने से क्षेत्र का भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। इसका असर पेयजल व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। कई गांवों में नलों से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है, वहीं कहीं-कहीं मटमैला और दूषित पानी आने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है। जल संकट का असर केवल लोगों पर ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों और वन्य जीवों पर भी दिखाई दे रहा है। पानी के अभाव में जीव-जंतुओं को भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के दिनों में नहर में पानी रहने से पशुओं और पक्षियों को भी राहत मिलती थी, लेकिन इस बार हालात चिंताजनक बने हुए हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा नहर की मरम्मत का हवाला देकर पानी बंद रखा गया है, जबकि गर्मी का पूरा सीजन बीतने को हैं, इसके बाद भी न तो मरम्मत कार्य हो सका और न ही नहर में पानी छोड़ा गया।

---

दो अलग अलग मामलों में कुठला पुलिस को मिली सफलता

## चोरी गये ट्रक को चंद घंटों में किया बरामद, सबमर्सिबल पंप चोर को भेजा गया हवालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला पुलिस को चोरी के दो अलग-अलग मामलों में कुछ घंटों में चोरी हुआ ट्रक बरामद कर लिया जबकि समर्सिबल पम्प चोरी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी रामजी पटेल निवासी कैलवारा कला ने थाना कुठला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका अशोक लीलैंड ट्रक क्रमांक MP 20 HB 4961, पटेल ढाबा के पास खड़ा था जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना कुठला में अपराध दर्ज कर पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान ट्रक में लगे जीपीएस सिस्टम की सहायता से वाहन की लोकेशन सरलानगर-भदनपुर मार्ग पर मिली। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जिला मैहर क्षेत्र से चोरी गए ट्रक को बरामद कर लिया। वाहन स्वामी एवं साक्षियों द्वारा ट्रक की पहचान की गई। बरामद ट्रक को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। मामले में शामिल अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है।





### चोरी का आरोपित गिरफ्तार

एक अन्य मामले में प्रार्थी शुभम बर्मन निवासी चाका ने 7 मई 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनके पम्प हाउस का ताला तोड़कर CRI कंपनी का 7.5 HP समर्सिबल पम्प, तीन चेम्बर, 16 रॉड एवं 6 पाना चोरी कर ले गए हैं। इस पर थाना कुठला में अपराध क्रमांक 371/26 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी आकाश यादव 24 वर्ष निवासी लमतरा फाटक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। आरोपी के कब्जे से चोरी गया समर्सिबल पम्प भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जिला जेल कटनी भेज दिया गया।

कार्रवाई में उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक अजीत मिश्रा, सुनील पाण्डेय, नरेन्द्र पटेल, ताहिर खान तथा आरक्षक मनोज सिंह, विजय प्रजापति, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी और दुर्गेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

जिले के लिये पहुंची 920 एमटी एनपीके और 740 टन यूरिया

## खाद की कालाबाजारी रोकने ई टोकन से करें वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में जायद एवं खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक एनपीके और नीम कोटेड यूरिया की दो रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले को 920 मीट्रिक टन एनपीके और 740 मीट्रिक टन यूरिया मिलेगी।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई एनपीके खाद में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 150 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 100 मीट्रिक टन, स्लीचमनाबाद डबल लॉक केन्द्रा के लिए 90 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा और बरही डबल लॉक केन्द्री के लिए 200-200 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक आवंटित की गई है। जबकि जिला सहकारी केन्द्री य बैंक कटनी को 200 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की गई है। इसी प्रकार सीएमएस उमरियापान ढीमरखेड़ा, सीएमएस कटनी और सीएमएस बाकल को 30-30 मीट्रिक टन खाद आवंटित की गई है। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को कुल 90 मीट्रिक टन खाद आवंटित की गई है। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

इसी क्रम मेंरैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 60 मीट्रिक टन, बहोरीबंद तथा स्ली मनाबाद डबल लॉक केन्द्रं के लिए 90-90 मीट्रिक टन और मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्रा के लिये 120 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की गई है। जबकि जिला सहकारी केन्द्री य बैंक कटनी को 200 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की गई है। इसी प्रकार सीएमएस कटनी, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा और सीएमएस बाकल को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को कुल 60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की गई है। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिले में बिना ई-टोकन के खाद का वितरण न हो। किसान की जमीन (खसरा नंबर) और बोई गई फसल के आधार पर खाद की मात्रा सॉफ्टवेयर द्वारा तय की जाएगी। इससे जरूरत से ज्यादा भंडारण या कालाबाजारी पर पूरी तरह लगाम लगेगी। किसान अब घर बैठे पोर्टल पर देख सकेंगे कि किस केंद्र पर कितना स्टॉक उपलब्ध है। किसान भाई अपनी सुविधा अनुसार प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्सर), डबल लॉक केंद्र और निजी विक्रेताओ, सशुल्क एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर केंद्रों पर जाकर ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई भी सहकारी समिति या निजी विक्रेता बिना ई-टोकन के खाद का विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिले के समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे अपनी मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए केवल संतुलित उर्वरकों का ही उपयोग करें। अनावश्यक खाद का प्रयोग न केवल लागत बढ़ाता है, बल्कि भूमि की उर्वरक शक्ति को भी नुकसान पहुँचाता है।

---

## खुलेआम संचालित हो रहा जुआ फड़, पुलिस ने कहा पता लगा रहे है किस गाँव में चल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में एक बार फिर से बड़े व्यापक स्तर पर जुआ फड़ की बिसात बिछने लगी है। रविवार को जुआ फड़ की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हुई जिसमें ताश के पत्तों पर रूपयों का दांव लगाते दिख रहे है। इस वायरल फोटो ने पुलिस अपराध नियंत्रण के दावों पर सवाल खडे कर दिए है।

स्थानीय लोगों ओर प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार यह फोटो स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के एक गाँव का है !इतने बड़े पैमाने पर दिनदहाड़े जुआ फड़ का संचालन बिना स्थानीय पुलिस की जानकारी या कथित सहमति के संभव नहीं है क्योंकि पुलिस अक्सर छोटे -बड़े अपराधों को अंजाम देने से पहले ही आरोपियों को पकड़ने ओर अपने मुखबिर तंत्र के सक्रिय होने का दावा करती है। ऐसे में खुले आसमान के नीचे इतने बड़े जुआ फड़ पर समय रहते कार्रवाई न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है।

### छपरा सचिव पर लग रहे आरोप

स्थानीय जनों ओर ग्राम पंचायत छपरा सरपंच पति के द्वारा छपरा सचिव पर जुआफड़ संचालित करने का आरोप लगाया जा रहा है क्योंकि उक्त फोटो जो वायरल हुई है उसमें सचिव विजय कोरी दिख रहे है। बताया जा रहा है कि सचिव स्वयं जुआफड़ मै दावं मै लगाते है ओर जुआ फड़ संचालित करवा रहे है! सिकी चर्चाएं फ़ैल चुकी है क्योंकि गत सप्ताह भर पहले कटनी -जबलपुर जिले की सीमा धनगवाँ जंगल पर पुलिस की धमाचौकड़ी जुआफड़ पर पड़ी थी तब मौके से जुआरी भाग गए थे।



सचिव विजय कोरी का कहना था कि मुझे एक व्यक्ति पैसे लेने थे तो मै वहाँ गया था लेकिन न मै तो जुआ खेलता हुँ न खिलवाता हुँ। सरपंच पति द्वारा मेरे ऊपर गलत आरोप लगाए जा रहे है, ज्यादा हो तो जाँच करवा ले।

इस संबंध में स्लीमनाबाद थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश सुमन ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। वायरल हुई फोटो व वीडियो की बारीकी से जाँच कर रहे है। फोटो में दिखाई दे रहे जुआरियों ओर संदिग्ध चेहरों को चिन्हित कर उनकी पहचान की जा रही है। जाँच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**खबर संक्षेप**



### रूपोंद रेल्वे स्टेशन में ट्रेनों के स्टापेज व अन्य मांगों के लिए सौंपा ज्ञापन

**बड़वारा।** विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के साथ ग्रामीणों ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन झलवारा रेल्वे स्टेशन पहुंचकर बिलासपुर जोन के रेल मंडल अधिकारी से मिलकर रूपोंद स्टेशन में इंदौर-बिलासपुर 18233- 18234 गाड़ी को रुकने हेतु एवं पथवारी के अंडर ब्रिज में पानी की समस्या का स्थाई हल निकालने हेतु चर्चा की। साथ में बड़वारा देवरी हटाई मार्ग पर बनने वाले ओवर ब्रिज की जानकारी ली। रेल मंडल अधिकारी द्वारा इंदौर-बिलासपुर ट्रेन को जल्द रूपोंद स्टेशन में रुकवाने एवं पथवारी अंडर ब्रिज की समस्या को जल्द से जल्द निराकरण हेतु आश्वासन दिया। साथ ही ओवर ब्रिज का कार्य जल्द प्रारंभ करने की बात कही। साथ में समस्त ग्रामीण जनों ने इन मांगो को पूरा करने हेतु रेल मंडल अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

### पटाखा भंडारण गोदामों में सुरक्षा मानकों की जांच

**कटनी।** जिले में पटाखा भंडारण स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य सुरक्षा मानकों के पालन को सुनिश्चित करना तथा संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को न्यूनतम करना रहा। संयुक्त टीम ने ग्राम इमलिया पड़वारा स्थित पटाखा भंडारण गोदामों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान गोदामों में सुरक्षा प्रबंध, भंडारण व्यवस्था, अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता तथा निर्धारित नियमों के अनुपालन की जांच की गई। निरीक्षण दल में तहसीलदार अखिलेश सिंह, थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे, निरीक्षक शैलेन्द्र यादव तथा उप निरीक्षक दीपू कुशवाहा शामिल रहे।प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे संवेदनशील स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो सके और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

### एएसपी ने शहर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कटनी।** जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने शहर क्षेत्र का भ्रमण कर कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाना कोतवाली अंतर्गत मुड़वारा रेलवे स्टेशन के समीप संचालित चेकिंग पॉइंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री मौर्य ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस बल को निर्देशित किया कि संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं गतिविधियों पर लगातार सतर्क निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने चेकिंग के दौरान वाहनों की नियमित जांच, आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा रात्रिकालीन गश्त को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

**'नो-व्हीकल जोन' में थमे पहिए, चला स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता का कारवां**

# स्वच्छता एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिये विभिन्न गतिविधियों से दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वच्छ भारत मिशन को जन-आंदोलन में परिवर्तित करने के निगम प्रशासन के संकल्प को साकार करते हुए 'राहगीरी डे कटनी कैंपेन' का दसवां संस्करण रविवार को सांसद विष्णु दत्त शर्मा की विशिष्ट मौजूदगी तथा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी,निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं क्षेत्रीय पार्षद सुमन राजू माखीजा की उपस्थिति में हेमू कालाणी वार्ड स्थित शांतिनगर मार्ग पर ऐतिहासिक जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम प्रारंभ होने के कुछ ही घंटों के लिए वाहनों से मुक्त हुई सड़क पर जब स्वच्छता की शपथ, स्वास्थ्य का उत्सव और सामाजिक एकता का संगम दिखाई दिया, तब यह आयोजन महज एक कार्यक्रम न रहकर 'जागरूक कटनी' की जीवंत तस्वीर बन गया। प्रातः 7 बजे से ही शांति नगर मार्ग नागरिकों के उत्साह से सराबोर हो गया। 'नो-व्हीकल जोन' घोषित इस मार्ग पर बच्चों ने



पेंटिंग, सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी रचनात्मकता दिखाई तो युवाओं ने जुंबा, रस्सा कशी, हॉर्स राइडिंग, एयर गन के निशाने से ऊर्जा का संचार किया।

वरिष्ठ नागरिकों ने योग एवं प्राणायाम के माध्यम से 'स्वस्थ नागरिक ही स्वच्छ शहर की पहचान' का संदेश दिया। सांप-सीढ़ी, पिट्टू, लंगड़ी चम्मच-नींबू दौड़ मटकी फोड़ जैसे पारंपरिक खेलों ने तीन पीढ़ियों को एक सूत्र में पिरो दिया।

सांसद श्री शर्मा ने रस्सी खींच, मटकी फोड़ सांप सीढ़ी प्रतियोगिता में सहभागिता की। वहीं नींबू चम्मच दौड़, एयर गन, पंज लड़ाओ प्रतियोगिता का लुत्फ उठाकर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छ कटनी का संदेश दे रही नन्ही मुन्नी बच्चियों का उत्साह वर्धन भी किया। सांसद श्री शर्मा ने नागरिकों के इस उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि जब समाज का हर वर्ग स्वच्छता के लिए सड़क पर उतरता है, तभी 'स्वच्छ सर्वेक्षण' में शीर्ष स्थान की परिकल्पना साकार होती है।

कार्यक्रम के दौरान कुंदन दास स्कूल की छात्राओं द्वारा देवा श्री गणेशाय एवं स्वच्छ भारत का इरादा कर लिया हमने के गीत पर सांस्कृतिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

समापन सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने वाले 'स्वच्छता मित्रों' को सांसद, महापौर एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को शेश पहनाकर तुलसी का पौधा एवं कपड़े का थैला भेंट कर 'हरित कटनी' का संदेश दिया गया। राहगीरी डे का मूल उद्देश्य 'मनोरंजन के साथ मिशन' को स्वच्छता से जोड़ना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव एवं कपड़े के थैले के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया।

'फोर बिन मॉडल' के लाइव डेमो से गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण की व्यवहारिक सीख दी गई। प्लास्टिक बोतलों से इको-ब्रिक्स बनाने की प्रक्रिया ने 'वेस्ट टू वेल्थ' की संकल्पना को स्पष्ट किया।



## अवैध रेत खनन रोकने जेसीबी से रास्ते किए बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

थाना विजयराघवगढ़ पुलिस ने अवैध रेत के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नदी क्षेत्र में बनाए गए अवैध रास्तों को जेसीबी की मदद से बंद कर दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में महानदी के विभिन्न घाट क्षेत्रों पर अवैध रूप से बनाए गए मार्गों को गड्ढे खुदवाकर अवरुद्ध किया गया, ताकि रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन रोका जा सके।

### यहां की गई कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, ग्राम खजुरा, हन्तला, भिम्पार, घुनौर, खिरवा नंबर-1 और चेहला टोला खिरवा क्षेत्रों में कुछ लोगों द्वारा नदी के अंदर वाहनों के प्रवेश के लिए अस्थायी रास्ते बनाए गए थे। इन्हीं रास्तों का उपयोग कर अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था।पुलिस कार्रवाई के दौरान इन सभी मार्गों को बंद कर दिया गया, जिससे अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

### अवैध खनन की दें सूचना

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इसके साथ ही पुलिस-प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध रेत उत्खनन या परिवहन की सूचना तुरंत पुलिस को दें, और सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

**हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का मिलेगा लाभ**

## नगर निगम परिसर में 3 दिवसीय जन कल्याण शिविरों का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

केंद्र एवं प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र एवं वंचित नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा 15, 16 एवं 18 जून को नगर निगम कार्यालय परिसर में 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित होंगे। शिविरों में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति भी रहेगी।

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शिविरों के सफल संचालन हेतु उपायुक्त श्रीमती प्रियंका झारिया को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण कर शिविरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए।

आयुक्त सुश्री परिहार ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त बैठक व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, वाटरप्रूफ टेंट, साउंड सिस्टम, कूलर-पंखे, पार्किंग तथा अग्निशमन सुरक्षा सहित सभी मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की समुचित बैठक व्यवस्था तथा शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया है। मैदानी अमले को पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें शिविर स्थल तक लाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

जनकल्याण शिविरों में नागरिकों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, ट्रेड लाइसेंस, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाएं, समग्र ई-केवाईसी, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, श्रमिक पंजीयन सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अविवादित संपत्तियों के नामांतरण एवं हस्तांतरण, नो-ड्यूज प्रमाण पत्र जारी करने, नवीन नल एवं सीवर कनेक्शन, हैंडपंप एवं ट्यूबवेल सुधार, भवन अनुज्ञा, भवन पूर्णता प्रमाण पत्र, आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति, विकास अनुज्ञा अवधि विस्तार तथा फायर एनओसी (अस्थायी एवं नवीनीकरण) संबंधी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। श्रम विभाग के अंतर्गत भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की योजनाओं के तहत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन तथा मृत्यु की स्थिति में अनुग्रह सहायता संबंधी प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा।

शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि की जाएगी तथा आवश्यक प्रकरणों का निराकरण सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। वहीं, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं के आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

## भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण रूकमणि का विवाह



बरही तहसील अंतर्गत ग्राम बम्हौरी में सात दिवसीय संगीत मय भागवत कथा का आयोजन महिला मंडल द्वारा किया गया। 8 जून से भागवत कथा की शुरुआत की गई कार्यक्रम स्थल शंकर जी की मढ़िया नीम के पास सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं संजय कृष्ण शास्त्री के मुखारविंदों से सुनाई गई संगीत मय श्रीमद भागवत में श्रद्धालुओं का जन समूह उमड़ रहा है। श्रीमद भागवत महात्म्य की कथा श्रवण करने प्रतिदिन श्रद्धालु पहुँचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है कथा में कथावाचक संजय कृष्ण शास्त्री महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीलाओं का वर्णन करते हुए बतलाया कि भगवान भक्त के आधीन है। गोपियां मां कात्यायनी की पूजा करती हुई माता से प्रार्थना करती हैं कि हे मां मुझे नन्द किशोर को पति के रूप में दीजिये। प्रार्थना तो अच्छी है लेकिन गोपियां धर्म की मर्यादा का उल्लंघन कर रही है, क्योंकि जल में नग्न स्नान नहीं करना चाहिये।कथावाचक ने रूकमणी विवाह का प्रसंग बताते हुये कहा कि जब भक्त भगवान को सर्वस्य न्यौछावर कर देता है तो भगवान सामाजिक विडम्बना को त्याग कर अपने भक्त पर अनुग्रह करने के लिये गांधर्व विधि से भी विवाह कर लेते हैं। कथा में रुक्मणी विवाह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें ₹आओ मेरी सखियों मुझे मेहंदी लगा दो,मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बनादो सहित अन्य विवाह गीतों पर भक्त जमकर झूमे।विवाहोत्सव मैं बनी श्रीकृष्ण व रुक्मणि की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया।

## जमीन पर बेजा कब्जा का प्रयास, मारपीट करने पर चार महिलाओं पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया में जमीन पर जबरन कब्जा करने की नीयत से बाउंड्रीवॉल और कंक्रीट पिलर तोड़ने तथा विरोध करने पर कर्मचारी और चौकीदार को जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी गई है। स्लीमनाबाद पुलिस ने इस मामले में चार नामजद महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एकजुट होकर पहुंची महिलाएं

थाना में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, अनिल कुमार पाठक 41 वर्ष, निवासी विवेकानंद वार्ड लखेरा, कंपनी' में नौकरी करते हैं। कंपनी की जमीन ग्राम कौड़िया से भागनवारा रोड पर स्थित है, जिसका खसरा नंबर 1922/02, 1921, 1917, 1918, और 1828 है।

कंपनी ने अपनी इस जमीन की सुरक्षा के लिए बाहरी सीमा पर कंक्रीट के पिलर और कटीले तार लगाकर बाउंड्री का निर्माण कराया था। इस पूरी जमीन और बाउंड्री की देखरेख अनिल पाठक और कंपनी के चौकीदार मंगल कोल द्वारा की जाती है शनिवार 13 जून की सुबह करीब 9:00 बजे चौकीदार मंगल कोल झोपड़ी में मौजूद था, तभी कौड़िया की रहने वाली चार महिलाएं उम्मेद बाई चौधरी, रामकली चौधरी, कमला बाई बर्मन और राजाबाई बर्मन—एकजुट होकर वहां पहुंचीं।

आरोप है कि इन महिलाओं ने जबरन जमीन पर कब्जा करने की नीयत से वहां लगे कंक्रीट के पिलर और कटीले तारों को जमीन से उखाड़कर फेंक दिया और पिलर तोड़ डाले, जिससे कंपनी की संपत्ति को नुकसान पहुंचा। जब चौकीदार की सूचना पर कंपनी के कर्मचारी अनिल पाठक मौके पर पहुंचे और महिलाओं से बाउंड्री उखाड़ने का कारण पूछा, तो महिलाएं उग्र हो गईं। उन्होंने गालियां देते हुए कहा कि "यहाँ हम लोग खेती करेंगे, यदि हमें खेती करने से रोका या दोबारा बाउंड्री की, तो झूठे केस में फंसा देंगे या जान से मार देंगे।

फरियादी अनिल कुमार पाठक की मौखिक रिपोर्ट पर स्लीमनाबाद थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**जन कल्याण शिविर में 23 विभागों की 111 योजनाओं का मिला लाभ**

## किसान फार्मर आईडी बनवायें, ताकि खाद लेने में न हो असुविधा, हितलाभों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले की रीठी जनपद पंचायत के मंगल भवन में खजुराहो लोकसभा सांसद वी.डी. शर्मा के मुख्यातिथ्य और बहोरीबंद विधायक श्री प्रणय प्रभात पांडे की उपस्थिति में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की।

शिविर को संबोधित करते हुए सांसद बी.डी. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस शिविर का आयोजन किया गया है। इसके माध्यम से 23 विभागों की 111 योजनाओं एवं



सेवाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में योजनाओं से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों को इस शिविर के माध्यम से लाभ मिलेगा।

सांसद श्री शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अब खाद का वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा, इसलिए सभी किसान अपनी फार्मर आईडी अवश्य बनवाएं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के उपचार एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5 किलो निःशुल्क राशन की जानकारी भी दी। उन्होंने राजस्व विभाग को प्राथमिकता के साथ फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई गई, जहां नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। सांसद एवं विधायक ने स्टॉलों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ वितरित किए गए। इनमें संबल योजना अनुग्रह सहायता के 27, संबल पंजीयन के 25, राष्ट्रीय परिवार सहायता के 11, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 16, राजस्व विभाग द्वारा खसरा वितरण के 12, पशुपालन विभाग के 10, लाड़ली लक्ष्मी योजना के 8, आयुष्मान कार्ड के 5, कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण के 8 तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के 20 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

जनप्रतिनिधियों ने शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा, जिसमें यह आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

**डाइट ने नवीन शैक्षणिक सत्र के लिये बनाई ठोस कार्य योजना, शिक्षकों का हुआ उन्मुखीकरण**

# बच्चों का बेहतर भविष्य गढ़ने में शिक्षकों की होती है अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रभारी कलेक्टर एवं जिपं सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर छात्र-छात्राओं के सुनहरे भविष्य को लेकर बेहद सजग और सतर्क होकर पैनी नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य को गढ़ने में शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा है कि शिक्षकों को बच्चों के बीच कक्षाओं में जाकर पढ़ाई कराना, उनकी जिज्ञासाओं को शांत करना सबसे जरूरी काम है। सुश्री कौर के निर्देश पर डाइट ने नवीन शैक्षणिक सत्र संचालन हेतु ठोस कार्य योजना बनाई है।

### शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करने होंगे ऐसे प्रयास

डाइट के प्रशिक्षण प्रभारी एवं वरिष्ठ व्याख्याता राजेंद्र असाटी ने बताया कि डाइट स्तर पर सभी बीआरसी एवं जन शिक्षकों का एवं जन शिक्षा केंद्र स्तर पर कक्षा आठ तक के सभी शिक्षकों का नवीन शैक्षणिक सत्र संचालन हेतु योजनाबद्ध उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा स्वयं के स्वास्थ्य की देखभाल,शत प्रतिशत ई अटेंडेंस ,पुस्तक वितरण एवं समायोजन, समृद्ध शाला वातावरण, पुस्तकालय के माध्यम से पढ़ने की संस्कृति का विकास, व्यवस्थित प्रयोगशाला में करके सीखने की अभिवृत्ति, एफ एल एन के अंतर्गत शिक्षक संदर्शिका के प्रभावी उपयोग, एट ग्रेड अभ्यास पुस्तिका में बच्चों को स्वयं उत्तर खोजकर लिखने का अभ्यास कराना, योजना



बनाकर अध्यापन करना, सटीक कापी जांचना एवं विद्यार्थियों को सुधार हेतु फीडबैक देना, कठिन लगने वाली अवधारणाओं पर सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण,QR कोड का उपयोग कर स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई, शिक्षण को बेहतर करने हेतु शिक्षकों द्वारा टेब का प्रभावी उपयोग, शिक्षकों और विद्यार्थियों की दिनचर्या निर्माण, डेली डायरी संधारण, स्मार्ट शाला प्रबंधन, अनुपयोगी सामग्री विनिष्टीकरण, शालेय अभिलेखों का व्यवस्थित रखरखाव, राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा निर्देशित ऑनलाइन कोर्स को लांच होने के पहले सप्ताह में पूर्ण करना, नामांकन एवं मैपिंग समयसीमा में पूर्ण करना, रचनात्मक कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना एवं उनके कार्यों को साझा करना तथा उनके स्कूलों का भ्रमण अन्य शिक्षकों को कराना सहित विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई।

चर्चा के पश्चात सभी शिक्षकों को शाला प्रमुख के साथ योजना बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, डाइट प्राचार्य एम पी डुंगडुंग द्वारा प्रत्येक विद्यालय में QR कोड का पोस्टर डिस्प्ले करने के साथ ही ई- मटेरियल के प्रभावी उपयोग हेतु निर्देश दिए।

### पढ़ाई कराना जरूरी

उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने निर्देश दिए गए थे कि स्कूल में अकादमिक कार्य प्राथमिक है और बाकी योजनाएं उस कार्य के समर्थन के लिए हैं। अतः सभी शिक्षकों को विशेष स्थितियों को छोड़कर हर हाल में कक्षा संचालन हेतु प्रेरित किया गया। डाइट कटनी प्रत्येक माह प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रगति प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित करेगा।

### इनकी रही मौजूदगी

प्रशिक्षण प्रभारी और वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी, डाइट फैकल्टी ज्योति श्रीवास्तव, राकेश सिननरकर, उमाशंकर सैनी, बी आर सी प्रशांत मिश्रा, चेतराम मरकाम, प्रेम कोरी, मनोज गौतम द्वारा उन्मुखीकरण में टीम वर्क करते हुए लक्ष्यों को समयसीमा में पूर्ण करने का संकल्प लेते हुए आवश्यक सुझाव दिए।

## निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूर्ण कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनकल्याण शिविरों में आवश्यक तैयारियों और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने जनपद पंचायत स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के प्रयास किया जा रहे हैं। ताकि कोई भी पात्र हितग्राही जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 15, 16 एवं 18 जून को मंगल भवन ढीमरखेड़ा में होने वाले जनकल्याण शिविर में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें।

इस दौरान सहायक यंत्री, पंचायत समन्वय अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी,उपयंत्री और शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। श्री कोरी ने समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री संबल योजना, ई-केवाईसी समग्र, मनरेगा, पी एम आवास, जल गंगा संवर्धन अभियान, छठवें वित्त के फीडिंग कार्य आदि की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नवीन संबल पंजीयन, अनुगह सहायता के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतते हुए तत्परता पूर्वक निराकरण की कार्यवाही करें। शत प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य को करें। सीईओ श्री कोरी ने कहा कि विभिन्न विभागों और योजनाओं से स्वीकृत निर्माणाधीन कार्यों को नियत समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि जनकल्याण शिविर का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।

**खास बातें**

## हंसते-खेलते परिवार में पसरा मातम, नवविवाहित जोड़े ने खाया जहर, मौत

धरमपुर थाना अंतर्गत भकुरी का है मामला

करीब 3 साल पहले हुआ था विवाह घटना का कारण अज्ञात

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले से एक ऐसी दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। धरमपुर थाना क्षेत्र के भकुरी गांव में एक नवविवाहित जोड़े ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। अस्पताल ले जाते समय और इलाज के दौरान दोनों की ही मौत हो गई। इस दोहरे सुसाइड से हंसते-खेलते परिवार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। घटना शनिवार की रात करीब 8 बजे पूरे परिवार ने एक साथ बैठकर हंसी-खुशी खाना खाया था। इसके बाद 25 वर्षीय सागर यादव और उसकी 23 वर्षीय पत्नी श्याम कली अपने कमरे में सोने चले गए। लेकिन कुछ ही देर बाद कमरे से अचानक चीखने-चिल्लाने और उल्टियां करने की आवाजें आने लगीं। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो दोनों की हालत बेहद खराब थी। आनन-फानन में दोनों को अजयगढ़ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें पन्ना जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन बदकिस्मती से पत्नी श्याम कली ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि पति सागर की मौत जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। मृतक सागर चार बहनों का इकलौता भाई था और दोनों की शादी को महज 3 साल ही हुए थे। थाना प्रभारी अनिल राजपूत के मुताबिक, चूंकि मृतिका नवविवाहिता है, इसलिए मर्ग कायम कर पुलिस हर एंगल से मामले की बारीकी से तफ्तीश कर रही है। दोनों के शवों का आज पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आखिरकार इस आत्मघाती कदम के पीछे की असली वजह क्या थी, यह तो पुलिस जांच के बाद ही साफ हो पाएगा।

## गायत्री महायज्ञ का आयोजन, हवन-पूजन एवं कन्या भोज संपन्न

**पन्ना।** नगर के जनकपुर स्थित अपने फार्म हाउस में जल संसाधन विभाग के पूर्व एसडीओ एलडी सिंह द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महायज्ञ का समापन हवन-पूजन के साथ संपन्न हुआ तथा कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। उपस्थित श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन में भाग लेकर आहुति अर्पित की तथा प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए गायत्री परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्ति के बाद से एलडी सिंह गायत्री परिवार से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं ।

पंचायत का फैसला - दोषियों का सामाजिक बहिष्कार, शासकीय योजनाओं से भी होंगे वंचित

# अवैध शराब बेचने पर 11 हजार और पीकर गाली-गलौज पर 51 सौ का जुर्माना

### डुगरूपुरा में नशामुक्ति की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



मगरोन थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पौड़ी फतेहपुर के अंतर्गत आने वाले डुगरूपुरा गांव में नशे के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए ग्रामीणों ने सख्त कदम उठाया है। गांव में आयोजित पंचायत में सर्वसम्मति से नशामुक्ति को लेकर कड़े नियम बनाए गए हैं। पंचायत में निर्णय लिया गया कि अब गांव में अवैध शराब या गांजा बेचते हुए पकड़े जाने पर व्यक्ति पर 11,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं शराब पीकर सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज या हुड़दंग करने पर 5,100 रुपये का दंड देना होगा। इतना ही नहीं, दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति का ग्राम के सभी धार्मिक कार्यक्रमों, सामाजिक आयोजनों और सार्वजनिक समारोहों से बहिष्कार किया जाएगा। साथ ही उसे किसी भी शासकीय योजना के लाभ से वंचित करने की अनुशंसा प्रशासन से की जाएगी।

**सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय**

यह निर्णय पौड़ी फतेहपुर सरपंच हेमलता, सरपंच प्रतिनिधि बिहारी, ओंकार मिश्रा, प्रेम पटेल सहित गांव के वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं की उपस्थिति में लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नशे के कारण आपसी झगड़े, घरेलू हिंसा और युवा पीढ़ी का भविष्य खराब हो रहा था। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि बार-बार समझाने के बावजूद सुधार न होने पर पंचायत को यह सख्त कदम उठाना पड़ा। अब गांव के चौकीदार और निगरानी समिति इन नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी। जुर्माने से एकत्र राशि को गांव के विकास कार्यों में लगाया जाएगा। ग्रामीणों की इस पहल की आसपास के गांवों में भी चर्चा हो रही है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि इससे गांव में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा और सामाजिक माहौल सुधरेगा। बैठक के दौरान गोपाल पटेल,राजेश प्रसाद मिश्रा, बहादुर सिंह,जोधन सिंह, संदीप गर्ग, मुन्ना, रामचन्द्र सेन, प्रहलाद सिंह, देवेंद्र सिंह, गुड्डू बुंदेला, राहुल सिंह, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह,डाल सिंह, दशोदा पटेल, श्रीबाई अठया, पूना बाई, राजप्यारी, खेमा अठया, विजेंद्र सिंह, बृजेश यादव, रामलाल, अर्जुन अहिरवार,लखन गौड़,गोपी अठया, मुकेश पटेल, कीरत पटेल, प्रताप सिंह, भुजबल सिंह ,जसवंत सिंह मगरोन, सुखराम कुशवाहा, आकाश सिंह, कमलेश,उत्तम हनुमत सेन, धीरेंद्र सिंह, हीरा सिंह, मनीराम अहिरवार,संतराम काछी, अर्जुन सिंह, पुरुषोत्तम मिश्रा, मनधाती सहित सेकडो लोगों की उपस्थिति रही।

## सत्संग से होता है अच्छे चरित्र का निर्माण - राकेश महाराज

धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ रनेह

रनेह में श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश सरकार दरबार में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत में कथा व्यास श्री रामानुदास श्री रामानुजदास जी परम पूज्य राकेश भाई जी महाराज बड़ामलहरा ने श्रद्धालु भक्तों को कथा श्रवण कराते हुए गजेंद्र हाथी की जल क्रीड़ा की मीमांसा करते हुए बताया कि केवल मुख से राम नाम उच्चार कर लेने से ही सारे पापों का क्षय हो जाता है। संसार में प्रत्येक प्राणी सुख पाना चाहता है, स्वयं की संतान तो छोड़िए विपत्ति के समय सात फेरे वाली पत्नी भी साथ छोड़ देती है। सुख तो केवल हरि भजन में है। महाभारत कथा अंतर्गत पांडव और कौरव प्रसंग का वर्णन करते हुए द्रोपदी के पांचो पुत्रों का अश्वत्थामा द्वारा वध एवं विदुर के घर भगवान का जाने का प्रसंग विस्तार से श्रवण कराया। देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजा बलि से ब्रह्मा जी के तीन पग धरती मांगने का वर्णन विस्तार से सुनाया। प्रभु के अवतारों का वर्णन पश्चात श्री महाराज के जैसे ही कृष्ण जन्म की कथा सुनाई जन्म होते ही बड़ी संख्या में नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जैसे गीतों से पंडाल गूंज उठा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने झूम कर श्री कृष्ण भक्ति रस में नृत्य किया। भगवान के अवतार पर कथा व्यास राकेश भाई जी महाराज ने श्रोताओं को बधाई संदेश दिया।

## आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ राहत पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**दमोह।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में 11 जून को आपदा प्रबंधन एवं संभावित बाढ़ राहत व्यवस्थाओं को लेकर समस्त विभागों की समीक्षा बैठक डिप्टी कलेक्टर आर.एल बागरी की मौजूदगी में आयोजित की गई। बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे संभावित आपदा से निपटने हेतु आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर 15 जून के पूर्व जिला कार्यालय की राहत शाखा में प्रस्तुत करें। बैठक में जनपद पंचायतों एवं नगरपालिका/नगर परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जहाँ बाढ़ राहत शिविरों की आवश्यकता संभावित है, वहाँ पूर्व से ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ एवं संसाधन सुनिश्चित किए जाएँ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि संभावित आपदा की स्थिति को देखते हुए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा सकें। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए गए कि ऐसे हैंडपंपों की पहचान कर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें, जहाँ जलभराव की संभावना हो, ताकि दूषित जल एवं बीमारियों के फैलाव से बचाव किया जा सके। बैठक में अन्य समस्त विभागों को भी अपने-अपने स्तर पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, जिससे संभावित बाढ़ अथवा अन्य आपदाओं की स्थिति में प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जा सकें।

## पवई थाना में पदस्थ चार पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण पर दी गई भावभीनी विदाई

पवई

पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृण बनाने के लिए जिले के अंतर्गत पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण किए गए थे जिसको लेकर पवई में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक आनंद मिश्रा ,अनिल गर्ग प्रधान आरक्षक, अंजलि त्रिपाठी आरक्षक, विनिती सिंह आरक्षक के स्थानांतरण अलग-अलग थानों में हुए थे रविवार को थाना प्रभारी पवई सुशील कुमार द्वारा स्टाफ के साथ मिलकर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## विद्यार्थियों द्वारा प्रयोग करने से जिज्ञासा विकसित होती है: प्राचार्य डाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



विद्यार्थियों में जिज्ञासाओं की वृद्धि और उनके मन में उठ रही प्रश्नों के समाधान स्वयं विद्यार्थियों को खोजने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्किल इंडिया,डिवेलप इंडिया 2047 की थीम को लेकर राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (SIEMAT) तैयार की गए किए गए भौतिक शास्त्र रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान के मॉड्यूल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा के द्वारा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा में आयोजित किया गया जिसमें जिले के सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संबंधित विषयों का अध्यापन करवाने वाले उच्च माध्यमिक शिक्षकों का प्रायोगिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा की मॉनिटरिंग में प्रशिक्षण को नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीएस राजपूत की उपस्थिति में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा प्राचार्य आर पी विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रभारी विजय बहादुर सिंह द्वारा संबंधित विषयों के मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से निरंतर प्रयोगशाला में प्रयोग को संचालित करवाने का कार्य संपादित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्राचार्य डाइट आरपी विश्वकर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रयोग को बढ़ावा देने से उनकी जिज्ञासा और प्रश्न करने की क्षमता का विकास होता है नोडल अधिकारी बीएस राजपूत ने प्रयोगशाला के निरंतर उपयोग की सार्थकता को बताते हुए कहा यह शिक्षक का नैतिक दायित्व कहा कि यह सुनिश्चित होकर सभी प्रयोगशालाएं सुचारू रूप से संचालित हो। नोडल विद्यालय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा के उच्च माध्यमिक शिक्षक सरस्वती नामदेव, समीक्षा असाटी द्वारा प्रायोगिक कार्यों के लिए सुव्यवस्थित प्रयोगशाला उपलब्ध करवाते हुए सभी प्रयोग कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया। डाइट विज्ञान प्रभारी माधव पटेल ने सभी प्रयोग को सामग्रियों को व्यवस्थित करवाने के साथ-साथ प्रशिक्षण के शौचालय संचालन में सहयोग करते हुए कार्य संपादित किया एवं सहायक प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती उमा सोनकिया डाइट फैकल्टी श्री गोविंद सोनी लगातार तीन दिन तक उपस्थित रहकर प्रशिक्षण की आवश्यक व्यवस्था में संलग्न रहे।

## 6 दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स का समापन



**दमोह।** परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के आशीर्वाद से 6 दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स का रविवार को सफल समापन हुआ.प्रशिक्षक प्रशांत असाटी ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों ने गुरुदेव की अद्भुत व चमत्कारिक सुदर्शन क्रिया सीखी। साथ ही 6 दिन की इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने स्वयं के अस्तित्व को जाना।साधना, सेवा, सत्संग, प्राणायाम, योग, ध्यान, ज्ञान की कुंजियों और खेल के माध्यम से जीवन जीने की कला को सीखा। इस आयोजन में आर्ट ऑफ लिविंग दमोह परिवार के अभिनंदन, डॉ. रामेश्वर पटेल और राजेश सोनी का विशेष सहयोग रहा।

## प्लास्टिक मुक्त बने दक्षिण पन्ना के पौधारोपण स्थल

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा वन क्षेत्रों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वर्ष 2025 के विभिन्न पौधारोपण स्थलों से पौधों के रोपण उपरांत शेष बचे प्लास्टिक पॉलीबैगों का व्यापक संग्रहण अभियान चलाया गया। वनकर्मियों एवं स्थानीय वन समितियों के सहयोग से लगभग 11,260 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे का संग्रहण किया गया। इसके बाद इस सामग्री को साफ कर उसमें मिश्रित मिट्टी, पत्थर एवं अन्य अशुद्धियाँ अलग की गईं, ताकि उसका उचित एवं सुरक्षित निस्तारण किया जा सके। संग्रहित प्लास्टिक कचरे को अमानगंज स्थित जेके सीमेंट संयंत्र को ऊर्जा पुनर्प्राप्ति (म्दमतहल त्मबवअमतल) हेतु बेचा गया। इससे वन समितियों को लगभग 56,300 की राशि प्राप्त होगी। सीमेंट संयंत्रों में उपलब्ध उन्नत प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियों एवं इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर (ईएसपी) जैसे उपकरणों के कारण इस प्रकार का निस्तारण खुले में जलाने अथवा अवैज्ञानिक तरीके से फेंकने की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल माना जाता है। वन विभाग के अनुसार पौधारोपण के बाद पॉलीबैगों को वन क्षेत्र में छोड़ देना, गड्ढों में दबा देना अथवा खुले में जला देना पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकता है। समय के साथ यह प्लास्टिक छोटे-छोटे कणों में टूटकर माइक्रोप्लास्टिक का रूप ले लेता है, जो मृदा, जल स्रोतों, वन्यजीवों तथा मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इस पहल से न केवल पौधारोपण स्थलों को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सफलता मिली, बल्कि अनुमानतः लगभग 68,000 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) समतुल्य ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को भी रोका जा सका। इस अभियान का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि अपशिष्ट समझी जाने वाली सामग्री को उपयोगी संसाधन में परिवर्तित किया गया। प्राप्त राशि का उपयोग वन समितियों द्वारा स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक विकास तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में किया जाएगा। यह पहल दर्शाती है कि जनसहभागिता, स्वच्छता और वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय समुदायों को भी प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाया जा सकता है।

# रक्तदान शिविर में 36 लोगों ने किया रक्तदान

### शिविर में महिलाओं ने भी किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



दो दशक पहले शरीर स्वस्थ होने के बाद भी लोग जानकारी के अभाव में मरीजों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करने से बचते थे। ऐसे दौर में युवाओं ने खून की कमी से न जाए अपनों की जान, इस सोच को संकल्प बनाकर हटा व क्षेत्र में शिविर के माध्यम से सरकारी अस्पताल में ब्लड डोनेट करना शुरू किया, ताकि खून की कमी से संकट में पड़ने वाले मरीजों का जीवन बचाया जा सके। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को सिविल अस्पताल हटा में सीबीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल के मार्गदर्शन में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षा विभाग, बिजली विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनमानस ने भी रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। जिस शिविर में मुख्य रूप से महिला शक्ति की भागीदारी सराहनीय रही जिन्होंने बढ-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर में कुल 36 यूनिट रक्तदान किया गया जिसमें पुरुष रक्तदाता 30 एवं 6 महिलाओं ने रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में लैब टेक्नीशियन मनीष श्रीवास्तव, संजय प्यासी, बीसीएम देवेंद्र सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। हटा नगर में वैसे तो जागरूक समाजसेवी युवाओं द्वारा अलग-अलग वर्ग को सहयोग देने का प्रयास किया जा रहा है नगर व क्षेत्र भर में कई युवा ब्लड डोनर है, जो मरीजों को ऑन कॉल रिस्पांस करते हैं। जिन्होंने मरीज की जानकारी मिलने पर अस्पतालों में भर्ती मरीजों का जीवन बचाने के लिए अस्पताल पहुंचकर रक्तदान डोनेट कर उनकी जान बचाई है। वहीं शहर की महिलाएं भी रक्तदान के लिए जागरूक हो गईं हैं और वे रक्तदान शिविरों में स्वप्रेरित होकर पहुंचकर निस्वार्थ भाव से लोगों के जरूरत पर काम आती महिलाएं पुरुषों के बराबर रक्त का दान कर रही है।

## राम मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन



**हटा।** पुरुषोत्तम माह के पावन पुनीत अवसर पर नगर के प्रसिद्ध श्रीराम मंदिर में श्रीराम मंदिर समिति, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के नेतृत्व में 24 घंटे की अखंड रामधुन का भव्य आयोजन रविवार को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के संबंध में विश्वहिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बबलू राय ने बताया कि बड़ा बाजार स्थित राम मंदिर में पुरुषोत्तम मास के दौरान नगर के हिंदू संगठनों के सहयोग से अखंड रामधुन का आयोजन किया गया जिसका रविवार को 11 बजे भगवान श्री राम का पूजन अर्चन कर संगीतमय रामधुन का शुभारंभ किया गया इसके उपरांत राम भक्तों द्वारा संगीत की धुन पर हरे राम हरे कृष्णा नाम कीर्तन का लगातार भक्तों द्वारा भजन किया जा रहा है। जिसका आज सोमवती अमावस्या के पर्व पर दोपहर 12 बजे महाआरती, प्रसाद वितरण भंडारे के साथ समापन किया जावेगा। संगठन के सभी पदाधिकारी ने अखंड कीर्तन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# पोहा लेने रुके युवक को मारी टक्कर, पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की भीषण भिड़ंत में तीन गंभीर घायल

अमानगंज-हिनौती मार्ग पर हादसे से मचा हड़कंप, छोटू राजा का पैर टूटा

अमानगंज।

अमानगंज-हिनौती रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार को उस समय जोरदार सड़क हादसा हो गया, जब दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर जा गिरे और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, याज्ञवेंद्र उर्फ छोटू राजा बुंदेला (30 वर्ष) निवासी कंचौरा अमानगंज से अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि वह पेट्रोल पंप के पास पोहा लेने के लिए रुके थे। इसी दौरान किशनगढ़ की ओर से अमानगंज आ रही मोटर साइकिल, जिस पर कल्लू आदिवासी (19 वर्ष) एवं विजूलाल आदिवासी (16 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम मरहा सवार थे, उनकी बाइक से जा भिड़ी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 अमानगंज की टीम मौके पर पहुंची। आरक्षक विश्वास शुक्ला एवं पायलट कैलाश दहायत ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद याज्ञवेंद्र उर्फ छोटू राजा के पैर में फ्रैक्चर होने पर उन्हें कटनी रेफर कर दिया, जबकि कल्लू आदिवासी और विजूलाल आदिवासी को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल पन्ना भेजा गया है।

हादसा अमानगंज-हिनौती मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने हुआ, जिसके बाद कुछ देर तक क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुटी रही। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना शनिवार रविवार की दारमनी रात्रि की बताई जा रही है मामले की जानकारी रविवार की सुबह 10 बजे सामने आई है।

## कांग्रेस नेता की पुण्यतिथि पर क्षेत्रवासियों ने दी श्रद्धांजलि

**गैसाबाद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन सचिव, जिला युवक कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व जनपद सदस्य एवं हटा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय नेता रहे, स्वर्गीय श्री राजगोपाल श्रीवास्तव की 27 वी पुण्य-तिथि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी उनके गृह ग्राम गैसाबाद में एक श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई गई जिसमें ग्रामीण अंचल के गणमान नागरिक एवं सभी जाति वर्ग के लोगों ने भाग लेकर अपने प्रिय नेता स्वर्गीय राजगोपाल श्रीवास्तव जी को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की उपस्थित लोगों ने राजगोपाल भैया को कर्मठ जुझारू और क्षेत्र का संघर्षशील नेता बताते हुए उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। कांग्रेस नेता राजगोपाल भैया के अनुज एवं हटा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वर्गीय भैया द्वारा बनाए गए रास्ते पर चलते हुए क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्यों में हमेशा क्षेत्रीय जनता के साथ खड़े रहकर आम जनता की सेवा करने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गैसाबाद जनपद क्षेत्र के ग्रामीण जन एवं हटा से स्वर्गीय राजगोपाल श्रीवास्तव जी की मित्र मंडली एवं शुभचिंतकों की उपस्थिति रही।

## जुलाई माह में होगी कलेक्टर्स- एसपी कॉन्फ्रेंस

**दमोह।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टर्स वीसी में 21 जून को होने वाली नीट परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नीट परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात के सुचारू संचालन के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। पुलिस प्रशासन परीक्षार्थियों के साथ सकारात्मक भाव से हर संभव सहयोग प्रदान करे। जिला स्तर पर सोशल मीडिया पर नजर रखी जाए तथा अफवाह फैलने की स्थिति में तत्काल वस्तुस्थिति से लोगों को अवगत कराया जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 30 जिलों में नीट परीक्षा के लिए 283 सेंटर बनाए गए हैं। सर्वाधिक 57 केंद्र इंदौर में हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के प्रदेश में होने वाले दौरे के दृष्टिगत आवश्यकत तैयारियों के संबंध में भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव श्रीनीरज मंडलोई, श्री अनुपम राजन और श्री शिव शेखर शुक्ला उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला स्तर पर विकास और जनकल्याण योजनाओं के संचालन की स्थिति की गहन समीक्षा की जाएगी। जुलाई माह में कलेक्टर्स-एसपी कांफ्रेंस भी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी मंत्री अपने संबोधन में विस्तृत रूप से जिले की उपलब्धियां प्रस्तुत करेंगे। प्रभारी मंत्रियों के संबोधन से पहले राज्य स्तर से मुख्यमंत्री का संबोधन होगा। यह सभी जिलों में प्रसारित होगा।

जिला स्तर की उपलब्धियों के प्रस्तुतिकरण से जिला स्तर पर संचालित विकास और जनकल्याण गतिविधियों का दस्तावेजीकरण होगा, इसकी तैयारी तत्काल आरंभ की जाए। इस आधार पर जिलों की विकास पुस्तिका बनेगी।

अंग्रेजों की रणनीति या संयोग? 1929 में बना जलाशय, उजड़ गई वीरों की धरती

# जिले के सबसे बड़े माला जलाशय के नीचे दबी मानगढ़ रियासत की कहानी





हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

जिले के जबेरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत माला मानगढ़ में स्थित माला जलाशय आज भले ही पानी का विशाल स्रोत है, लेकिन इसके गर्भ में एक ऐसी ऐतिहासिक कहानी दबी है, जिसे स्थानीय लोग अंग्रेजी शासन की सोची-समझी रणनीति मानते हैं। स्थानीय मान्यताओं और बुजुर्गों के अनुसार, यहां कभी क्रांतिकारी राजा गंगाधर की मानगढ़ रियासत हुआ करती थी। यह रियासत वीरता और पराक्रम के लिए प्रसिद्ध थी, जहां 24 गांवों में अखाड़े संचालित होते थे और युवा कुश्ती व युद्धकला में निपुण बनाए जाते थे। मानगढ़ की पहचान केवल उसके योद्धाओं से ही नहीं, बल्कि यहां की



प्रसिद्ध 'वावली' (बावड़ी) से भी जुड़ी रही है। किवदंती है कि इस बावड़ी का पानी पीने वाला हर व्यक्ति असाधारण साहस से भर जाता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस जल का प्रभाव इतना था कि इसे पीने वाले खरगोश तक अंग्रेजों के शिकारी कुत्तों को खदेड़ देते थे।

अंग्रेजों से टकराव और काला पानी

बताया जाता है कि राजा गंगाधर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ डटकर खड़े रहे। उनके प्रभाव से चिंतित अंग्रेजों ने उन्हें "डकैत" घोषित कर काला पानी की सजा दे दी। कहा जाता है कि उनके साथ चिलोद गांव के पंडा परिवार के एक सदस्य और एक कोटवार को भी यह दंड भुगतना पड़ा।

### 1921 में शुरुआत, 1929 में बना जलाशय

स्थानीय कथाओं के अनुसार माला जलाशय का निर्माण कार्य वर्ष 1921 में शुरू हुआ और 1929 में पूरा हुआ। माना जाता है कि इस जलाशय का निर्माण मानगढ़ रियासत के अस्तित्व को समाप्त करने की योजना का हिस्सा था। इसके बनते ही पूरी रियासत जलमग्न हो गई और लोग विस्थापित होकर नई बसाहट माला में बस गए, जिसे आज माला मानगढ़ के नाम से जाना जाता है।

हनुमान प्रतिमा से जुड़ी आस्था

मानगढ़ के डूब क्षेत्र से जुड़ी एक धार्मिक कथा भी प्रचलित है। कहा जाता है कि जलाशय के तेज बहाव के दौरान एक व्यक्ति ने हनुमान जी का स्मरण किया और सुरक्षित किनारे पहुंच गया। बाद में प्रतिमा को बैलगाड़ी से लाकर माला मानगढ़ में चिरोल के पेड़ के नीचे स्थापित किया गया, जहां समय के साथ भव्य मंदिर और राम दरबार का निर्माण हुआ।

### आज भी दिखते हैं इतिहास के अवशेष

गर्मियों में जब जल स्तर कम होता है, तब जलाशय क्षेत्र में आज भी पुरानी बावड़ी, पत्थरों की चक्कियां और प्राचीन संरचनाओं के अवशेष दिखाई देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंग्रेज इन चक्कियों के माध्यम से भारतीयों से जबरन श्रम कराते थे। माला जलाशय केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि इतिहास की एक ऐसी परत है, जिसमें वीरता, संघर्ष और अंग्रेजी शासन की नीतियों की झलक मिलती है। हालांकि इन तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि सीमित है, लेकिन लोककथाएं और मौजूद अवशेष आज भी इस क्षेत्र के गौरवशाली अतीत को जीवित रखते हैं।

# उत्पात मचाने वाले आरोपियों का पुलिस ने निकाला पैदल जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

**शहर के खजरी मोहल्ले में पथराव, तोड़फोड़ और दहशत फैलाने की घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका पैदल जुलूस निकाला। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल हुई है और स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली है।**

जानकारी के अनुसार कुछ असामाजिक तत्व शराब के नशे में खजरी मोहल्ले में उत्पात मचा रहे थे। जब स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने आक्रोशित होकर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान कई घरों पर पत्थर फेंके गए तथा एक कार में तोड़फोड़ की गई। घटना में दो लोगों के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है। पथराव के बाद पूरे क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल बन गया था।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप एवं भागीरथ को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों का खजरी मोहल्ले में पैदल जुलूस निकाला। इस दौरान थाना प्रभारी मनीष कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। आरोपियों को उसी क्षेत्र में पैदल घुमाया गया, जहां उन्होंने उत्पात मचाकर लोगों में दहशत फैलाने का प्रयास किया था। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश देना था कि कानून हाथ में लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है। मोहल्लेवासियों के अनुसार आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में विवाद और अशांति का कारण बन रहे थे। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी, पथराव, मारपीट अथवा सार्वजनिक शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद खजरी मोहल्ले में स्थिति सामान्य बनी हुई है तथा क्षेत्र में पुलिस की निगरानी लगातार जारी है।

## श्रुत पंचमी पर 21 लाख नवकार मंत्र जाप का संकल्प लेगा जैन मिलन परिवार



**दमोह**। जैन मिलन परिवार दमोह की कोर ग्रुप बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई, जिसमें नगर की विभिन्न जैन मिलन शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री तथा क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित लगभग 30 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर दमोह की सभी जैन मिलन शाखाएं संयुक्त रूप से 21 लाख नवकार मंत्र जाप का संकल्प लेंगी। इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, धर्म प्रभावना एवं सामूहिक साधना को बढ़ावा देना है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने इस संकल्प को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया तथा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को नवकार मंत्र जाप अभियान से जोड़ने की अपील की।

## गांजा पीकर उत्पात मचाने वाले तीन व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**दमोह**। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ₹ऑपरेशन क्लीन₹ के तहत कोतवाली पुलिस ने गांजा के नशे में उत्पात मचा रहे तीन व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने 14 जून को मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन के बाहर कार्रवाई की। वहां गांजा के नशे में हंगामा कर रहे तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया। पुलिस ने रामेश्वर जाटव (45), पप्पू उर्फ कक्कड़ (40) तथा दीपक उर्फ दीपु रैकवार (26) के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 एवं 135 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, उपनिरीक्षक नीतेश जैन, प्रधान आरक्षक महेश यादव तथा आरक्षक नरेन्द्र पटैरिया और बृजेन्द्र मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

## कोतवाली पुलिस ने की जुआ फड़ पर कार्रवाई, 4 आरोपी गिरफ्तार

**दमोह**। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन क्लीन" के तहत कोतवाली पुलिस ने जुआ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7,500 रुपये नकद एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जनपद कार्यालय के पास मैदान में दबिश दी, जहां चार व्यक्ति हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस ने मौके से संदीप सोनी (45), जतिन शर्मा (22), अक्षत असाटी (21) एवं शारुख खान (26) को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, प्रधान आरक्षक कलीम खान, महेश यादव तथा आरक्षक नरेन्द्र पटैरिया एवं ब्रजेन्द्र मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

## जैन मिलन वरिष्ठ शाखा की माह जून बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जैन मिलन वरिष्ठ शाखा के अध्यक्ष अतिवीर संजय डबुल्या जैन के सौजन्य उन्हीं की अध्यक्षता में, श्री दिग जैन तारण तरण चैत्यालय के सभा कक्ष में बैठक आयोजित हुई, सर्व प्रथम दीप दीपायन एवं महावीर प्रार्थना के उपरांत शाखा मंत्री वीर एम एल जैन द्वारा पूर्व बैठक का वाचन , एवं विगत माह में किए गए कार्यक्रमो की संक्षिप्त जानकारी एवं बैठक के एजेंडे की जानकारी दी। प्रथम बिंदु सागर में आयोजित क्षेत्रीय बैठक में दिये निर्देश एवं वर्ष भर का कार्यक्रम कैलेंडर अनुसार कार्यों की जानकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर इंजी आर के जैन एवं राष्ट्रीय संयोजक अतिवीर ऋषभ (स्टेशन मास्टर) द्वारा विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की एवं शाखा से इस वर्ष वीर पदम चंद जुझार एवं उनकी वीरांगना श्रीमती शकुन जी, संजय डबुल्या एवं उनकी वीरांगना श्रीमती रेखा जैन जी एवं वीर एम एल जैन साब को अतिवीर बनने सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत एवं सम्मान किया, एवं बैठक में



उपस्थित सम्मानीय प्रभात कुमार जी जैन का सम्मान व्यक्त किया गया,द्वितीय विंदु :- 19 जून दिन शुक्रवार वार को श्रुत-पंचमी पर्व पर जिनवाणी एवं जिन मंदिर की वैयाव्रती हेतु श्री तारण तरण चैत्यालय जी में सेवाकार्य, एवं महामंत्र णमोकार मंत्र का जाप जो कि श्रुत पंचमी के दिन सुबह 6.00 बजे से शाम 6.30 तक अधिक से अधिक जप करना एवं अपने सहयोगियों से कराने पर ड्रॉ सिस्टम से पुरस्कृत किया जावेगा, एवं विश्व योग दिवस 21/06/2026 दिन रविवार को सुबह 6.30 बजे से 7.30 बजे तक सर्व धर्म स्थल बेला ताल के पार्क में जैन मिलन परिवार दमोह द्वारा योगाचार्य वीर भरत जैन द्वारा योग कराया जावेगा, नमोकार रेसीडेंसी में जिन मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम हेतु आमंत्रण पर जैन मिलन परिवार दमोह मुनि श्री पद्म सागर महाराज की अगवानी एवं समस्त शाखाओं द्वारा जिन मंदिर का शिलान्यास कर सातिशय पुण्यार्जन करेंगे। जैन मिलन वरिष्ठ शाखा द्वारा दमोह नगर का कोई एक चौराहा सौंदर्य करण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर स्वीकृति उपरान्त चौराहा सौन्दरीय करण का सर्व सम्मति से निर्णय लिया एवं समस्त शाखाओं द्वारा भी उक्त कार्य करते हुए स्वक्षत एवं पर्यावरण संरक्षण का कार्य तथा पौधा रोपण हेतु स्थान एवं समय निर्धारण पर, अतिशय क्षेत्र पटेरिया जी पर शानदार पौधा रोपण हेतु पटेरिया जी समिति को पत्र लिखकर एवं अनुमति उपरांत अच्छे समय पर पौधारोपण कार्य करने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त कार्यों में अतिवीर नेम कुमार सराफ, वीर यू सी जैन, राज कुमार जैन, मोतीलाल गोयल, के सी जैन पारस जैन, नेमचंद्र भिड़ा राजीव जैन ऋषभ जैन खड़ेरी एवं सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त कर, तथा अपनी कर्तव्यनिष्ठा से स्वयं पूर्ण जिम्मेदारी पूर्वक जैन मिलन के अनुरूप कार्य करने का आश्वासन दिया। अन्त में वीर संतोष कुमार जैन ने बैठक आयोजक अतिवीर संजय डबुल्या जैन, द्वारा की गई शानदार व्यवस्था हेतु, एवं श्री तारण तरण चैत्यालय समिति का आभार प्रकट करते हुए, अरिहंत वंदना के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**खास बातें**

### महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य आयोजन 16 जून को

**दमोह**। करणी सेना परिवार, दमोह टीम जीवन सिंह शेरपुर द्वारा वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक मेवाड़ के अमर शूरवीर महाराणा प्रताप जी की जयंती के अवसर पर 16 जून को भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का एकत्रीकरण स्थल तहसील ग्राउंड, दमोह निर्धारित किया गया है, जहां से शाम 4:00 बजे भव्य शौर्य यात्रा प्रारंभ होगी। आयोजन के तहत शौर्य यात्रा तहसील ग्राउंड से निकलकर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए हनुमान मंदिर प्रांगण, मारुताल (दमोह-जबलपुर रोड) पहुंचेगी। यहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। करणी सेना परिवार ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं समाज बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर वीरता और स्वाभिमान के इस पर्व को मिलकर मनाने का आह्वान किया है।

### देवांशु का निधन

**हिंडोरिया**। नगर के उपाध्याय वार्ड निवासी देवांशु उर्फ गोल्डी उपाध्याय उम्र 23 वर्ष पिता वीरेंद्र उपाध्याय का सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से निधन हो गया । उनकी शवयात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने सम्मलित होकर मृतआत्मा को शोक श्रंद्धांजलि अर्पित की।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हटा। थाना क्षेत्र के गांव में 6 माह पूर्व एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म कर फरार आरोपी को हटा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिक लड़की से दुराचार करने की घटना को लेकर पीड़ित के परिजनों ने हटा थाना में दिसंबर 2025 को एक शिकायत आवेदन दिया था। जिस पर पुलिस द्वारा नाबालिक के साथ हुई घटना में महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष नाबालिक के बयानों के आधार पर चिकित्सीय परीक्षण उपरांत आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया था जिसमें अपराध क्रमांक 458/25 धारा 137 (2) बीएनएस की धारा पाक्सो एक्ट एससी-एसटी दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जिसमें आरोपी देवराज उर्फ बाबू अहिरवार निवासी सड़क हरदुआ दिल्ली ले जा कर जबरजस्ती दुष्कर्म करना लेख कराया गया था। इसके उपरांत कथनों के आधार पर प्रकरण में धारा 65 (1), 96,115 (2) बीएनएस 3/4 पास्को एक्ट का इजाफा किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी के के निर्देशन में थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई जहां साइबर सेल की मदद से नाबालिक बालिका को दिल्ली ले जाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी शिवराज उर्फ बाबू अहिरवार गिरफ्तार पिता गनेश अहिरवार उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। वहीं पीड़िता नाबालिक द्वारा अपने कथनों में पुलिस को बताया गया कि आरोपी मुझे बहला फुसला के दिल्ली ले गया वहां मेरे साथ उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी को गिरफ्तार करने में प्रधान आरक्षक महेंद्र कुमार, आरक्षक पवन,अभिषेक साइबर सेल दमोह से आर ,मयंक दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पैसों के विवाद में वृद्ध की चाकू मारकर हत्या, आरोपी फरार

**दमोह**। जिले के नरसिंहगढ़ चौकी अंतर्गत रामपुर गांव में पैसों के लेन-देन के पुराने विवाद को लेकर 70 वर्षीय मारखन उर्फ हल्के भाई पटेल की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है।परिजनों के अनुसार आरोपी राकेश उर्फ पूरा ठाकुर अपने साले सचिन ठाकुर एवं अन्य साथियों के साथ पटेल परिवार के घर पहुंचा था। विवाद के दौरान आरोपियों ने हरिदास पटेल पर हमला करने का प्रयास किया, लेकिन बीच-बचाव करने आए उनके पिता मारखन पटेल पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

नगर के वार्ड 9 बेसिक स्कूल के पास चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के 7 वे दिन रविवार को कथावाचक ने सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष के प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। कथावाचक पंडित रामबहोर मिश्रा ने कहा कि मानव जीवन बड़े कष्ट के बाद मिलता है इसलिए मानव को अपना सारा जीवन अच्छे कार्यो में लगाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि सत्संग से ही मनुष्य को संस्कार मिलते है। संस्कार के द्वारा मनुष्य के चरित्र का निर्माण होता है।उन्होंने बालक का प्रथम गुरु माता को बताते हुए कहा कि एक बालक के चरित्र का निर्माण संस्कार माता से ही उत्तपन्न होते है। इसलिए हर इंसान को चाहिए कि वे अपने बच्चों के कोरे मन मे संस्कारो के भाव भरें ,बचपन मे संस्कार देने से बच्चा आगे जाकर अच्छा इंसान बनता है। और देश व समाज के काम आता है।

उन्होंने सुदामा कृष्ण की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र थे, भिक्षा मांगकर वे अपने परिवार का भरणपोषण करते थे। गरीबी के बाबजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। पत्नी सुशील सुदामा जी के वार वार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है उनसे जाकर मिलो शायद वे हमारी मदद कर दें। पत्नी के कहने पर सुदामा जी द्वारका पहुंचते है



और जब द्वारपाल कृष्ण जी को बताते है कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है कृष्ण जी यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते है और अपने मित्र को गले से लगा लेते है उनकि दीं दशा देखकर कृष्ण जी की आँखों से अश्रु धारा प्रवाहित होने लगती है,सुदामा जी को सिंहासन पर बैठकर उनके चरण धोते है सभी पटरानिया उनसे आशीर्वाद लेती है कुछ समय वाद विदा लेकर अपने स्थान लौटते है तो भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते है।उन्होंने आगे कहा कि सच्ची मित्रता में अमीरी गरीबी या स्वार्थ नही होता है बल्कि यह निस्वार्थ प्रेम और समर्पण पर टिकी होती है सच्चा मित्र वह है जो बिना कहे ही मित्र की पीड़ा समझले। अगले प्रसंग में सुखदेव जी राजा परीक्षित को 7 दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई।

कथा श्रवण से उनके मन से मृत्यु का भय समाप्त हो गया और वे कथा के प्रभाव से भगवान के परमधाम को प्राप्त हुए।उक्त अवसर पर मुख्य यजमान श्रीमती पुष्पा दहिया,एडवोकेट नरेंद्र दहिया, डॉ नीलम, डॉ मेघा ,आकांक्षा ,सोनम ,आशुतोष, ऐडवोकेट शरद प्यासी, एडवोकेट संजय अग्रवाल, गीता अग्रवाल, सहित अनेक लोग शामिल रहे।



## रसोइयों एवं सांझा चूल्हा समूह की महिलाओं ने रखीं मांगें



**दमोह**। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रसोइयों एवं सांझा चूल्हा समूह की महिलाओं की बैठक जबेरा ब्लॉक के पुराना तहसील भवन स्थित शौर्य दल कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं ने खाद्यान्न की नियमित मासिक उपलब्धता, मानदेय बढ़ाकर न्यूनतम 10 हजार रुपये किए जाने, आंगनबाड़ी के माध्यम से मिलने वाली खाद्य राशि में वृद्धि तथा मध्यान्ह भोजन का कार्य समूहों के माध्यम से ही संचालित किए जाने की मांग उठाई। महिलाओं ने अपनी समस्याएं वंदना झरिया एवं रोशनी ठाकुर के माध्यम से रखीं। इस अवसर पर आजीविका मिशन के प्रबंधक श्री मिश्रा ने समूहों को केवाईसी एवं आधार अपडेट रखने तथा नियमित रूप से समूह संचालन जारी रखने की सलाह दी।जिला मीडिया प्रभारी मुन्नालाल सोनी ने कहा कि शासन की अधिकांश योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित हैं, इसलिए सभी को ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। वहीं जिला अध्यक्ष कविता दान सिंह एवं नारायण सिंह लोधी ने संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि एकता से ही मांगों को प्रभावी ढंग से शासन तक पहुंचाया जा सकता है।बैठक में दीपक सोनी (सहायक ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, आजीविका मिशन), एडवोकेट अनमोल राय, दस्तावेज लेखक कमल किशोर खरे सहित जिले एवं ब्लॉक स्तर के समूह पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन नारायण सिंह ठाकुर ने किया।